No. of Printed Pages : 16

**Ph.D.PC**

00154

# Ph.D. (PSYCHOLOGY)

# Entrance Test, 2018

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

---

***Note :***

*(i) Section 'A' is **compulsory**.*

*(ii) Attempt only **one** section from Sections 'B', 'C' and 'D'.*

*(iii) Use of simple calculator is permitted.*

# पी.एच.डी. (मनोविज्ञान)

# प्रवेश परीक्षा, 2018

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :***

*(i) खण्ड 'क' **अनिवार्य** है ।*

*(ii) खण्ड 'ख', 'ग' और 'घ' में से केवल **एक** भाग का उत्तर दीजिए ।*

*(iii) साधारण कैलकुलेटर के प्रयोग की अनुमति है ।*

---

## SECTION A

## (Research Methodology)

## PART I

***Note : Attempt all questions. Each question carries two marks.*** *10×2=20*

1. ________ is a procedure by which it can be ensured that all samples of a particular size have an equal chance of being selected.

   (1) Purposive sampling (2) Snowball sampling

   (3) Random sampling (4) Quota sampling

2. A characteristic that can have only one value is called

   (1) Variable (2) Statistics

   (3) Parameter (4) Construct

3. Mutually exclusive and exhaustive categories differing in some qualitative aspect is called

   (1) Ratio scale (2) Nominal scale

   (3) Interval scale (4) Ordinal scale

4. Identify the following design :

   (i) Yb × Ya

   (ii) Yb ⊗ Ya

   (1) One-group before-after

   (2) Two-group before-after

   (3) Two-group experimental

   (4) One-group non-experimental

5. ________ occurs when the members of the groups being studied are in the groups because they differently possess traits or characteristics extraneous to the research problem.

   (1) Individual selection

   (2) Participant selection

   (3) Sample selection

   (4) Self selection

## खण्ड क

## (शोध प्रविधि)

## भाग I

***नोट : सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के दो अंक हैं ।* *10×2=20*

1. ________ वह कार्यविधि है जिससे सुनिश्चित करना संभव है कि किसी ख़ास आकार के सभी नमूनों के चुने जाने की समान संभावना है ।

   (1) सोद्देश्य प्रतिचयन
   (2) स्नोबॉल प्रतिचयन
   (3) यादृच्छिक प्रतिचयन
   (4) नियतमात्रात्मक (कोटा) प्रतिचयन

2. केवल एक मान वाला अभिलक्षक (characteristic) ________ कहलाता है ।

   (1) चर
   (2) सांख्यिकी
   (3) प्राचल
   (4) रचना (कन्स्ट्रक्ट)

3. किसी गुणात्मक पहलू के तहत परस्पर अपवर्जी (mutually exclusive) और सुविस्तृत (exhaustive) श्रेणी संबंधी अंतर ________ कहलाता है ।

   (1) अनुपात मापनी
   (2) नामित मापनी
   (3) अंतराल मापनी
   (4) क्रमसूचक मापनी

4. निम्नलिखित डिज़ाइन की पहचान कीजिए :

   (i) $Yb \times Ya$
   (ii) $Yb \otimes Ya$

   (1) एक-समूह (One-group) बिफोर-आफ्टर
   (2) द्वि-समूह (Two-group) बिफोर-आफ्टर
   (3) द्वि-समूह (Two-group) प्रयोगात्मक
   (4) एक-समूह (One-group) ग़ैर-प्रयोगात्मक

5. ________ की उत्पत्ति होती है जब अध्ययन किए जाने वाले समूहों के सदस्य समूहों में हैं क्योंकि इनमें शोध समस्या से बाहर अलग विशेषताएँ या लक्षण होते हैं ।

   (1) व्यक्ति-विशेष चयन
   (2) सहभागी चयन
   (3) नमूना चयन
   (4) आत्म चयन

6. ________ is a research study in a realistic situation in which one or more independent variables are manipulated by the experimenter under as carefully controlled conditions, as the situation will permit.

(1) Field Study

(2) Field Experiment

(3) Laboratory Experiment

(4) Observational Study

7. Mean (M), Median (Mdn) and Mode (Mo) for the following data will be :

45, 54, 76, 78, 76

(1) M = 60·7, Mdn = 54, Mo = 54

(2) M = 60·7, Mdn = 76, Mo = 54

(3) M = 65·8, Mdn = 76, Mo = 76

(4) M = 64, Mdn = 78, Mo = 78

8. ________ is denoted by symbol $\phi$.

(1) Tetrachoric Correlation

(2) Point Biserial Correlation

(3) Biserial Correlation

(4) Phi Coefficient

9. The joint effect of any two independent variables that cannot be predicted from the main effects is called ________ effect.

(1) Factor

(2) Variable

(3) Constant

(4) Interaction

10. Outlier is

(1) the score that appears with greatest frequency

(2) the value that divides the distribution into halves

(3) the sum of all the scores divided by the total number of scores

(4) a very extreme score in a distribution

6. __________ किसी वास्तविक स्थिति में एक प्रकार का शोध अध्ययन है जिसके तहत एक या अधिक स्वतंत्र चर सजग रूप से नियंत्रित दशाओं या स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रयोगकर्ता द्वारा जोड़-तोड़ कर दिखाए जाते हैं ।

(1) क्षेत्र-अध्ययन

(2) क्षेत्र-प्रयोग

(3) प्रयोगशाला-प्रयोग

(4) अवलोकन अध्ययन

7. निम्नलिखित आँकड़ों के लिए माध्य (M), माध्यिका (Mdn) और बहुलक (Mo) ज्ञात कीजिए :

45, 54, 76, 78, 76

(1) M = 60·7, Mdn = 54, Mo = 54

(2) M = 60·7, Mdn = 76, Mo = 54

(3) M = 65·8, Mdn = 76, Mo = 76

(4) M = 64, Mdn = 78, Mo = 78

8. __________ को प्रतीक $\phi$ से दर्शाया जाता है ।

(1) टेट्राकोरिक सहसंबंध

(2) बिंदु द्विश्रेणिक सहसंबंध

(3) द्विश्रेणिक सहसंबंध

(4) फाइ गुणांक

9. किन्हीं दो स्वतंत्र चरों का संयुक्त प्रभाव, जिनका मुख्य प्रभावों के आधार पर पूर्वानुमान संभव नहीं हो सकता, __________ प्रभाव कहलाता है ।

(1) कारक

(2) चर

(3) अचर

(4) पारस्परिक-क्रिया

10. आउटलेयर (Outlier) __________ है ।

(1) अधिकतम आवृत्ति के साथ उभरने वाला स्कोर

(2) बंटन को दो भागों में विभाजित करने वाला मान

(3) कुल स्कोर संख्या से विभाजित सभी स्कोरों का योगफल

(4) बंटन का बेहद चरम (extreme) स्कोर

## PART II

***Note** : Answer any **four** of the following questions in about 200 words each :* *4×5=20*

**11.** Differentiate between longitudinal design and time-series design.

**12.** Compute Spearman's-rho for the following data :

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Data X | 75 | 82 | 90 | 81 | 74 | 70 | 69 |
| Data Y | 65 | 50 | 45 | 69 | 80 | 76 | 74 |

**13.** Explain the advantages and limitations of ethnography as a method of data collection.

**14.** Explain the significance of formulation of hypothesis in research. Describe Type-I and Type-II errors.

**15.** Discuss non-probability sampling with a focus on its types.

## PART III

***Note** : Answer any **one** of the following questions in about 400 words each :* *1×10=10*

**16.** Explain the properties and application of normal distribution curve.

**17.** Define Tests and Scales. Describe various types of objective scales and items.

## भाग II

*नोट : निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए :* *4×5=20*

**11.** अनुदैर्घ्य डिज़ाइन और समय-शृंखला डिज़ाइन में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

**12.** निम्नलिखित आँकड़ों के लिए स्पियरमैन-रहो (rho) परिकलित कीजिए :

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आँकड़ा X | 75 | 82 | 90 | 81 | 74 | 70 | 69 |
| आँकड़ा Y | 65 | 50 | 45 | 69 | 80 | 76 | 74 |

**13.** मानवजाति शास्त्र (नृवंशविज्ञान) के लाभ एवं दोषों की व्याख्या, आँकड़ा संग्रहण की एक विधि के रूप में कीजिए ।

**14.** शोध में परिकल्पना-सूत्रीकरण के महत्त्व की व्याख्या कीजिए । टाइप-I और टाइप-II त्रुटियों का वर्णन कीजिए ।

**15.** ग़ैर-प्रायिकता प्रतिचयन की चर्चा, इसके प्रकारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए कीजिए ।

## भाग III

*नोट : निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 400 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए :* *1×10=10*

**16.** प्रसामान्य बंटन वक्र के गुणधर्मों एवं अनुप्रयोग की व्याख्या कीजिए ।

**17.** परीक्षण (Tests) और पैमानों (Scales) की परिभाषा दीजिए । विविध प्रकार के उद्देश्यपरक पैमानों और मदों का वर्णन कीजिए ।

## SECTION B

## (Industrial and Organisational Psychology)

### PART I

***Note :*** *Answer any* ***five*** *of the following questions in about 250 words each :* $5 \times 7 = 35$

**18.** Describe the ways of managing motivation at individual and organisational levels.

**19.** Define Leadership and Followership. Explain the Situational Leadership Model.

**20.** Discuss the behavioural issues in mergers and acquisitions.

**21.** Explain different functions and competencies of Human Resource Managers in organisations.

**22.** Elucidate the potential benefits and problems of diversity in organisations.

**23.** Describe 'Off-the-Job' training methods.

### PART II

***Note :*** *Answer any* ***one*** *of the following questions in about 500 words each :* $1 \times 15 = 15$

**24.** Discuss the effects of downsizing and explain how its impact can be reduced.

**25.** Discuss the different types of conflicts and ways of managing conflict.

## खण्ड ख

## (औद्योगिक एवं संगठनात्मक मनोविज्ञान)

### भाग I

*नोट : निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए :* *5×7=35*

**18.** व्यक्ति-विशेष और संगठनात्मक स्तरों पर अभिप्रेरण-प्रबंधन के तरीकों का वर्णन कीजिए ।

**19.** नेतृत्व (Leadership) और अनुयायी (Followership) की परिभाषा दीजिए । स्थितिगत-नेतृत्व (Situational Leadership) मॉडल की व्याख्या कीजिए ।

**20.** विलयन और अधिग्रहण के संबंध में व्यवहारगत मुद्दों की चर्चा कीजिए ।

**21.** संगठनों में मानव संसाधन प्रबंधकों के विभिन्न कार्यों और सक्षमताओं की व्याख्या कीजिए ।

**22.** संगठनों में विविधता के संभावी फ़ायदों और समस्याओं का स्पष्टीकरण कीजिए ।

**23.** 'ऑफ-द-जॉब' प्रशिक्षण विधियों का वर्णन कीजिए ।

### भाग II

*नोट : निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए :* *1×15=15*

**24.** डाउनसाइज़िंग के प्रभावों की चर्चा कीजिए और समझाइए कि इसके प्रभाव को कैसे कम किया जा सकता है ।

**25.** द्वंद्व के विभिन्न प्रकारों और द्वंद्व-प्रबन्धन के तरीकों की चर्चा कीजिए ।

## SECTION C

## (Counselling Psychology)

### PART I

***Note :*** *Answer any **five** of the following questions in about 250 words each :* *5×7=35*

**18.** Describe the key concepts in family therapy.

**19.** Explain the techniques of drama therapy.

**20.** Explain Stress Inoculation Training (SIT) by Meichenbaum.

**21.** Describe the diagnostic criteria for dyslexia.

**22.** Discuss the implications of transference and counter-transference in counselling relationships.

**23.** Explain the basic multicultural principles that form the foundation of multicultural theory and practice.

### PART II

***Note :*** *Answer any **one** of the following questions in about 500 words each :* *1×15=15*

**24.** Explain the concept of career maturity and describe the factors affecting career maturity. Highlight the implications of career maturity for career counselling.

**25.** Discuss the basic concepts in Transactional Analysis and highlight its implications for counselling.

## खण्ड ग

## (परामर्श मनोविज्ञान)

### भाग I

***नोट :** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए :* $5\times7=35$

**18.** परिवार चिकित्सा (Family therapy) में मुख्य अवधारणाओं का वर्णन कीजिए ।

**19.** नाट्य चिकित्सा (Drama therapy) की तकनीकों की व्याख्या कीजिए ।

**20.** मिशेनबॉम (Meichenbaum) द्वारा प्रस्तुत स्ट्रेस इनऑकुलेशन ट्रेनिंग (एस.आई.टी.) की व्याख्या कीजिए ।

**21.** डिस्लेक्सिया (Dyslexia) संबंधी निदान के मानदण्डों का वर्णन कीजिए ।

**22.** परामर्श संबंधों में ट्रांसफ़रेंस और काउंटर-ट्रांसफरेंस के निहितार्थों की चर्चा कीजिए ।

**23.** बहुसांस्कृतिक सिद्धांत और अभ्यास की आधारशिला का गठन करने वाले बुनियादी बहुसांस्कृतिक सिद्धांतों की व्याख्या कीजिए ।

### भाग II

***नोट :** निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए :* $1\times15=15$

**24.** कैरियर (career) परिपक्वता की संकल्पना की व्याख्या कीजिए और कैरियर परिपक्वता को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए । कैरियर परामर्श के संबंध में कैरियर परिपक्वता के निहितार्थों पर प्रकाश डालिए ।

**25.** ट्रांसैक्शनल विश्लेषण (Transactional Analysis) में बुनियादी संकल्पनाओं की चर्चा कीजिए और परामर्श के संबंध में इसके निहितार्थों पर प्रकाश डालिए ।

## SECTION D

## (Clinical Psychology)

## PART I

***Note :*** *Answer any **five** of the following questions in about 250 words each :* $5 \times 7 = 35$

**18.** Compare DSM-IV TR and DSM-V classifications of mental disorders.

**19.** Explain the role of psychosocial factors in abnormal behaviour.

**20.** Differentiate between personality disorder and schizophrenia.

**21.** Explain a psychotherapeutic intervention plan for a person suffering from depression. Give reasons to support your answer.

**22.** Discuss the ethical codes of practice as set forth by APA.

**23.** Discuss the basic components of a clinical interview.

## खण्ड घ

## (नैदानिक मनोविज्ञान)

### भाग I

*नोट : निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए :* *5×7=35*

**18.** मानसिक विकारों के डी.एस.एम.-IV टी.आर. और डी.एस.एम.-V वर्गीकरण की तुलना कीजिए ।

**19.** असामान्य व्यवहार में मनोसामाजिक कारकों की भूमिका की व्याख्या कीजिए ।

**20.** व्यक्तित्व (Personality) संबंधी विकार और स्किज़ोफ्रेनिया (schizophrenia) में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

**21.** अवसाद (Depression) से ग्रस्त रोगी के लिए मनोचिकित्सीय हस्तक्षेप योजना की व्याख्या कीजिए । अपने उत्तर की पुष्टि के लिए कारण भी दीजिए ।

**22.** ए.पी.ए. द्वारा घोषित नैतिक प्रथाओं (practice) के विभिन्न कोड (codes) की चर्चा कीजिए ।

**23.** नैदानिक (Clinical) इंटरव्यू के बुनियादी घटकों की चर्चा कीजिए ।

## PART II

***Note :** Answer any **one** of the following questions in about 500 words each :* $1\times15=15$

**24.** Describe the basic assumptions of psychodynamic therapies and evaluate their role in prevention of mental illnesses.

**25.** Discuss the clinical picture and causal pattern of suicide. Explain various strategies for suicide prevention and intervention.

## भाग II

*नोट : निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों (प्रत्येक) में दीजिए :* *1×15=15*

**24.** साइकोडायनैमिक चिकित्सा (Psychodynamic therapies) की बुनियादी अवधारणाओं का वर्णन कीजिए और मानसिक रोग की रोकथाम में इनकी भूमिका का मूल्यांकन कीजिए ।

**25.** आत्महत्या की नैदानिक (clinical) छवि और कारण उत्पत्ति पैटर्न की चर्चा कीजिए । आत्महत्या रोकथाम और अंत:क्षेप (intervention) संबंधी विविध रणनीतियों की व्याख्या कीजिए ।